पत्र सूचना कार्यालय)रक्षा विंग(
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आषाढ़ 09, 1944
बृहस्पतिवारः30 जून 2022

रक्षा सचिव और सऊदी अरब के सामरिक मामलों के उप रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

रक्षा सहयोग पर भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की 5वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित

सऊदी अरब के सामरिक मामलों के उप रक्षा मंत्री श्री अहमद ए असीरी ने रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार से नई दिल्ली में 30 जून 2022 को भेंट की। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उप रक्षा मंत्री ने रक्षा सचिव को रक्षा सहयोग पर 29 जून 2022 को आयोजित भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति (जेसीडीसी) की 5वीं बैठक के बारे में जानकारी दी।

संयुक्त सचिव (सशस्त्र बल) श्री दिनेश कुमार और श्री अहमद ए असीरी ने भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की थी। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने संयुक्त अभ्यास, विशेषज्ञ आदान-प्रदान और उद्योग सहयोग सहित सेना-सेना संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ाने हेतु संयुक्त उद्यम के नए अवसरों की पहचान करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों की जांच करने का निर्णय लिया गया। मौजूदा संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों के दायरे और जटिलताओं को बढ़ाने तथा अन्य क्षेत्र में द्विपक्षीय अभ्यासों के विस्तार पर भी चर्चा की गई।

परस्पर बैठक के दौरान सुविधाजनक तिथियों पर सऊदी अरब में भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की अगली बैठक 2023 में आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की गई। भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति भारत और सऊदी

अरब के रक्षा मंत्रालयों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा और मार्गदर्शन करने के लिए शीर्ष निकाय है।

उप रक्षा मंत्री ने कर्मचारी समिति के अध्यक्ष के लिए एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख (सीआईएससी) से भी बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल के लिए एक रक्षा उद्योग संवाद का भी आयोजन किया गया जिसमें अनेक भारतीय रक्षा उद्योगों ने भाग लिया था।

एबीबी/डीएस/आरपी